हिंदी विभाग,
चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ

दिनांक : 03 जून 2020

आवश्यक सूचना
प्री० पीएच० डी० कोर्सवर्क हिंदी के विद्यार्थियों के लिए

विश्वविद्यालय के पत्रांक Res./11322 दिनांक 04 मार्च 2020 के आदेश के क्रम में प्री० पीएच० डी० कोर्स वर्क हेतु अवमुक्त श्रेणी हेतु निर्धारित कुल सीट–122 के सापेक्ष जिन छात्र–छात्राओं का नाम पूर्व में प्रवेश हेतु चयनित किया गया है तथा कोरोना वाइरस (COVID 19) से बचाव हेतु प्रदेश सरकार एवं विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा किए गए लॉकडाउन के कारण जो छात्र–छात्राएं प्रवेश लेने से रह गए हैं। ऐसे सभी छात्र–छात्राएं दिनांक 23 जून 2020 तक आवश्यक/अंतिम रूप से प्री० पीएच० डी० कोर्स वर्क में ऑन लाईन शुल्क जमा कराकर प्रवेश ले सकते हैं।

अवमुक्त श्रेणी जे०आर०एफ० की सूची में शामिल ऐसे विद्यार्थी जिनकी जे०आर०एफ० के आधार पर पूर्व में ही आर०डी०सी० भी हो चुकी है एवं वह अपने–अपने महाविद्यालयों में पीएच० डी० हेतु पंजीकृत हो चुके हैं, उन्हें भी दिनांक 23 जून 2020 तक आवश्यक/अंतिम रूप से प्री० पीएच० डी० कोर्स वर्क में ऑन लाईन शुल्क जमा कराकर प्रवेश लेना अनिवार्य है, प्रवेश न लेने की दशा में वे स्वयं उत्तरदायी होंगे तथा विश्वविद्यालय नियमानुसार कार्यवाही किए जाने की दशा में उनका पंजीकरण भी निरस्त किया जा सकता है।

सभी विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि ऑन लाईन शुल्क जमा होने के उपरांत जमा किए गए शुल्क की रसीद एवं संलग्न फार्म भरकर, सभी आवश्यक शैक्षणिक प्रमाण पत्र एवं अन्य प्रमाण पत्र, email, Mob. No., whatsup number सहित hindiccsu@gmail.com तथा nclohani@yahoo.co.in पर प्रेषित करना सुनिश्चित करें। दिनांक 23 जून 2020 तक उक्त सूचना दिए गए ईमेल पर प्रेषित करना अनिवार्य है। विलम्ब की स्थिति में विभाग/विश्वविद्यालय उत्तरदायी नहीं होगा।

प्रतीक्षा सूची में शामिल विद्यार्थियों के लिए प्रवेश हेतु सूचना स्थान रिक्त रहने की दशा में बाद में विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर जारी की जाएगी।

सभी विद्यार्थियों को यह भी सूचित किया जाता है कि दिनांक 02 जुलाई 2020 से प्री० पीएच० डी० कोर्सवर्क की ऑन लाईन कक्षाएं प्रारम्भ की जाएगी। अतः विश्वविद्यालय वेबसाईट पर इस संबंध में सूचना देखते रहें।

ऑन लाईन शुल्क जमा कराने हेतु विवरण

A/C Name	-	CCS University PRE Phd Course Work A/C
A/C No	-	50199470125
IFSC Code no	-	ALLA0210144
Bank Name	-	Indian Bank
Branch	-	Meerut University, Meerut

3/6/2020

(प्रो० नवीन चन्द्र लोहनी)
अध्यक्ष हिंदी विभाग,
समन्वयक, प्री० पीएच० डी० कोर्स वर्क
चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ

प्रो० नवीन चन्द्र लोहनी
अध्यक्ष हिन्दी विभाग
चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ

03.06.2020

सहा० कुलसचिव (शोध)
चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय

Scanned with CamScanner